शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./रा.शि.के./मूल्याकंन/वार्षिक मूल्यांकन/कक्षा–5 व 8/2024–25/4247 भोपाल, दिनांक 11.9.2024
प्रति,

कलेक्टर,
समस्त जिले (म.प्र.)

**विषय :– कक्षा – 5 व 8 वार्षिक परीक्षा सत्र 2024–25 की रूपरेखा एवं परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यपुस्तकों एवं सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची जारी करने विषयक।**

म.प्र. राजपत्र दिनांक 02.03.2019 अनुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के नियम 10 में किए गए संशोधन के अनुक्रम में गत वर्ष अनुसार ही सत्र 2024–25 में भी प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं, मान्यता प्राप्त अशासकीय व अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डाईस कोड प्राप्त मदरसों में कक्षा 5 व 8 में अध्ययनरत छात्रों हेतु एस.सी.ई.आर.टी./एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों एवं पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा – निर्देशानुसार किया जाएगा। परीक्षा आयोजन संबंधी मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैं :–

1 **परीक्षा योजना–** वार्षिक परीक्षा परिणाम हेतु अधिभार निम्नानुसार होगा :–

- अर्द्धवार्षिक परीक्षा – अधिभार 20 अंक
- वार्षिक परीक्षा (लिखित) – अधिभार 60 अंक
- वार्षिक परीक्षा (प्रोजेक्ट कार्य) – अधिभार 20 अंक

1.1 समस्त शालाओं में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट के आधार पर निर्मित कराए गए प्रश्नपत्रों एवं निर्धारित समय–सारणी अनुसार कराया जाएगा।

शासकीय शालाओं हेतु अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र राज्य स्तर से निर्मित कराए जाएंगे। जबकि अशासकीय शालाएं राज्य द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्रों का निर्माण स्वयं करेगी।

1.2 वार्षिक परीक्षा हेतु समस्त शासकीय शालाओं, मान्यता प्राप्त अशासकीय व अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत कक्षा – 5 व 8 की परीक्षा हेतु पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों हेतु कक्षावार, विषयवार, निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार निर्मित कराए गए प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

1.3 कक्षा 5 व 8 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाली समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत छात्रों हेतु सत्र 2024–25 के लिए पाठ्यपुस्तकों की सूची निम्नानुसार रहेगी –

तालिका– 1 कक्षा– 5 हेतु

| क्र. | विषय | पुस्तक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में ) | भाषा भारती |
| 2 | अंग्रेजी भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में ) | English Reader |
| 3 | मराठी भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में) | भारती (मराठी) |
| 4 | उर्दू भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में) | उर्दू भारती |
| 5 | गणित | गणित का जादू |
| 6 | पर्यावरण अध्ययन | आसपास (पर्यावरण) |

तालिका– 2 कक्षा – 8 हेतु

| क्र. | विषय | पुस्तक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में ) | भाषा भारती |
| 2 | अंग्रेजी भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में ) | English Reader |
| 3 | संस्कृत भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में ) | सुरभिः |
| 4 | मराठी भाषा (SCERT) विकल्प चयन की स्थिति में | भारती (मराठी) |
| 5 | उर्दू भाषा (SCERT विकल्प चयन की स्थिति में ) | उर्दू भारती |
| 6 | हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | सहायक वाचन / Supplementary reader |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | गणित | गणित /Mathematics |
| 8 | विज्ञान | विज्ञान /Science |
| 9 | सामाजिक विज्ञान | हमारे अतीत 3 (इतिहास) |
| | | संसाधन एवं विकास (भूगोल) |
| | | सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन–3 |

नोट :–जिन अशासकीय शालाओं में भाषा (हिन्दी, अंग्रेजी व संस्कृत) की NCERT द्वारा निर्मित पाठ्यपुस्तके लागू हैं, उन संस्थाओं के छात्रों के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय भाषा की परीक्षा NCERT की पुस्तकों के आधार पर संपन्न कराई जायेगी। NCERT की भाषा की पुस्तकों की सूची निम्नानुसार रहेगी –

तालिका– 3 कक्षा– 5 हेतु

| क्र. | विषय | पुस्तक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी भाषा (NCERT_विकल्प चयन की स्थिति में ) | रिमझिम |
| 2 | अंग्रेजी भाषा (NCERT_विकल्प चयन की स्थिति में ) | MARIGOLD Book Five |

तालिका–4 कक्षा – 8_हेतु

| क्र. | **विषय** | पुस्तक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी भाषा (NCERT_विकल्प चयन की स्थिति में) | 1. वसंत भाग – 3<br>2. भारत की खोज (हिन्दी की पूरक पाठ्यपुस्तक) |
| 2 | अंग्रेजी भाषा (NCERT_विकल्प चयन की स्थिति में ) | 1. Honeydew<br>2. It so happened (Supplementary Reader in English) |
| 3 | संस्कृत भाषा (NCERT_विकल्प चयन की स्थिति में) | रुचिरा तृतीयो भागः |

नोट :– 1. प्रथम भाषा के रूप में चयनित भाषा अंतर्गत सहायक वाचन/Supplementary Reader का अध्ययन अपेक्षित है। द्वितीय भाषा के रूप में चयनित भाषा के संदर्भ मे उस भाषा की पाठ्यपुस्तक से ही परीक्षा ली जाएगी।

2 भाषा के अतिरिक्त अन्य मुख्य विषयों के लिए परीक्षा में सम्मिलित होने वाली सभी शालाओं के लिए तालिका - 01 एवं 02 अनुसार NCERT द्वारा निर्मित पाठ्यपुस्तकों से ही अध्यापन कराया जाना अनिवार्य है।

1.4 वार्षिक परीक्षा हेतु विषयवार परीक्षा की योजना निम्नानुसार होगी --

1.4.1 कक्षा 5 हेतु--

| विषय | अर्द्ध वार्षिक परीक्षा प्राप्तांकों का अधिभार | लिखित परीक्षा (बाह्य मूल्यांकन) पूर्णांक | प्रोजेक्ट कार्य (आंतरिक मूल्यांकन) पूर्णांक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. प्रथम भाषा -- हिन्दी / अंग्रेजी / मराठी / उर्दू | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 2. द्वितीय भाषा -- अंग्रेजी / हिन्दी | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 3. अतिरिक्त भाषा (वैकल्पिक) -- हिन्दी / उर्दू / मराठी / संस्कृत / पंजाबी / गुजराती | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 4 गणित / संगीत (दृष्टिबाधितों हेतु) | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 5 पर्यावरण अध्ययन | 20 | 60 | 20 | 100 |

अतिरिक्त भाषा वैकल्पिक है इसके प्राप्तांकों को वार्षिक परीक्षाफल निर्धारण हेतु शामिल नहीं किया जाएगा।

1.4.2 कक्षा 8 हेतु--

| विषय | अर्द्ध वार्षिक परीक्षा प्राप्तांकों का अधिभार | लिखित परीक्षा (बाह्य मूल्यांकन) पूर्णांक | प्रोजेक्ट कार्य (आंतरिक मूल्यांकन) पूर्णांक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. प्रथम भाषा-- हिन्दी / अंग्रेजी / मराठी / उर्दू | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 2. द्वितीय भाषा -- अंग्रेजी / हिन्दी | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 3 तृतीय भाषा -- हिन्दी / उर्दू / मराठी / संस्कृत / पंजाबी / उडिया / गुजराती | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 4.गणित / संगीत (दृष्टिबाधितों हेतु ) | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 5. विज्ञान | 20 | 60 | 20 | 100 |
| 6. सामाजिक अध्ययन | 20 | 60 | 20 | 100 |

५४

1.4.3 हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का अध्ययन अनिवार्य होगा। अन्य भारतीय भाषा का चयन कक्षा 5 हेतु तालिका 1.4.1 अनुसार अतिरिक्त भाषा अंतर्गत उपलब्ध विकल्पों में से एवं कक्षा 8 हेतु तालिका 1.4.2 अनुसार तृतीय भाषा अन्तर्गत उपलब्ध विकल्पों में से किया जाना होगा।

प्रदेश अंतर्गत कुछ जिलों की अशासकीय शालाओं में अतिरिक्त (वैकल्पिक) भाषा / तृतीय भाषा अंतर्गत पढ़ाई जाने वाली भाषाओं गुजराती, पंजाबी, उड़िया व संस्कृत (कक्षा 5) का पाठ्यक्रम निर्धारण एवं पाठ्यपुस्तकों का निर्माण राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा नही कराया गया है अतः संबंधित जिलों की अशासकीय शालाओं में लागू पाठ्यपुस्तकों के आधार पर इन विषयों के प्रश्न पत्रों का निर्माण राज्य द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट अनुसार जिले की डाइट के माध्यम से कराया जाएगा।

1.4.4 वार्षिक परीक्षा हेतु निर्धारित ब्लूप्रिंट परिशिष्ट – 01 अनुसार संलग्न है। यह ब्लूप्रिंट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए समान रूप से लागू होगा।

1.5. दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016, नई शिक्षा नीति 2020 एवं भारत सरकार के निर्देश क्र F-9-39/2021-IS-18 दिनॉक 19.04.2022 के प्रकाश में दिव्यांग परीक्षार्थियों को दिव्यांगता की श्रेणी के आधार पर विभिन्न सुविधाएं राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी निर्देशानुसार प्रदान की जाएंगी।

1.6 वार्षिक परीक्षा उपरांत कक्षोन्नति हेतु परीक्षार्थियों का परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक विषय की लिखित परीक्षा (बाह्य मूल्यांकन) एवं प्रोजेक्ट कार्य (आंतरिक मूल्यांकन) में पृथक्-पृथक् न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। प्रत्येक विषय के बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षाफल घोषणा के उपरांत अनुत्तीर्ण विषयों में अतिरिक्त शिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं दो माह की कालावधि में पुनःपरीक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा।

1.6.1 पुनः परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उसकी अध्ययनरत् कक्षा में ही वापस रोका जाएगा।

1.6.2 स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक किसी बच्चे को किसी भी कारण से स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाएगा।

2. परीक्षा **शुल्क**—परीक्षा आयोजन हेतु आवश्यक प्रक्रियागत् व्यय यथा प्रश्नपत्र-मुद्रण, वितरण, मूल्यांकन, प्रगति पत्रक तैयार करना, परीक्षा पोर्टल संचालन आदि कार्यों हेतु कक्षावार एवं छात्रवार परीक्षा शुल्क का भुगतान शाला द्वारा परीक्षा पोर्टल पर छात्रों के पंजीयन के दौरान किया जाएगा। परीक्षा शुल्क हेतु निर्धारित राशि एवं भुगतान प्रकिया के संबंध में निर्देश पृथक से जारी किए जाएंगे।

3. वार्षिक परीक्षा हेतु सभी मुख्य विषयों के कक्षावार एवं विषयवार प्रोजेक्ट कार्यों की सुझावात्मक सूची परिशिष्ट – 02 अनुसार संलग्न है।

3.1 कक्षा 5 व 8 की वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 हेतु सभी मुख्य विषयों के प्रोजेक्ट कार्य (आंतरिक मूल्यांकन) का पूर्णांक 20 अंकों का रहेगा।

3.2 प्रत्येक विद्यार्थी को वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होनें के लिए प्रोजेक्ट कार्य (आंतरिक मूल्यांकन) में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। वार्षिक परीक्षा फल निर्धारण में प्रोजेक्ट कार्य के अंकों को सम्मिलित किया जाएगा।

3.3 विद्यार्थी द्वारा संलग्न सूची में से विषयवार कोई दो प्रोजेक्ट कार्य पालक/शिक्षक के सहयोग से पूर्ण कर दिनांक 31 जनवरी 2025 तक शाला में जमा कराए जाएंगे जिसका मूल्यांकन विषय शिक्षक द्वारा किया जाएगा।

3.4 संगीत एवं अतिरिक्त (वैकल्पिक) भाषा/तृतीय भाषा अंतर्गत पंजाबी, गुजराती उड़िया एंव संस्कृत (कक्षा 5) हेतु प्रोजेक्ट कार्यो का निर्धारण संबंधित शाला शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इन विषयों के भी 2–2 प्रोजेक्ट कार्य प्रत्येक विद्यार्थी से दिनांक 31 जनवरी 2025 तक पूर्ण कराए जाएं।

3.5 प्रोजेक्ट कार्य हेतु विद्यार्थियों को परिवेशीय संसाधनों का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि प्रोजेक्ट कार्य के लिए छात्रों/पालकों पर अनावश्यक वित्तीय भार न आए।

3.6 सभी दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु प्रोजेक्ट के स्थान पर 20 अंकों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा लेने की सुविधा (वैकल्पिक) रहेगी। प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के प्राप्तांकों की प्रविष्टि परीक्षा पोर्टल पर प्रोजेक्ट कार्यो के रूप में की जाएगी।

4. परीक्षार्थियों के सभी विषयों के प्रोजेक्ट कार्य (आतरिक मूल्यांकन) के प्राप्तांकों की प्रविष्टि शाला प्रभारी/संबंधित शिक्षक द्वारा परीक्षा पोर्टल पर की जाएगी तत्पश्चात् परीक्षार्थियों के प्रोजेक्ट कार्य के प्राप्तांकों का शाला प्रभारी द्वारा हस्ताक्षरित पत्रक जनशिक्षा केन्द्र में जमा किया जाएगा।

5. वार्षिक परीक्षा का आयोजन माह–फरवरी/मार्च 2025 में किया जाना संभावित है। इस हेतु समय–सारिणी पृथक से जारी की जाएगी एव वार्षिक परीक्षा संचालन संबंधी विभिन्न गतिविधियों हेतु समय सीमा निर्धारण अथवा अन्य आवश्यक निर्देश पृथक से जारी किये जाएंगे।

6. परीक्षा आयोजन संबंधी समय–समय पर जारी निर्देश म.प्र.राज्य एजुकेशन पोर्टल की वेबसाइट **https://www.educationportal.mp.gov.in/** के अंतर्गत परिपत्र टैब के आरएसके विकल्प पर जाकर देखे जा सकेंगे।

10/9/24

(हरजिंदर सिंह.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

पृ.क्र./रा.शि.के./मूल्याकंन/वार्षिक परीक्षा/5वीं,8वीं/2024–25/4248 भोपाल, दिनांक 11.9.2024
**प्रतिलिपिः–**

1. निज सहायक, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. शासन।
2. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन।
3. प्रमुख सचिव, जन सम्पर्क विभाग, म.प्र. शासन।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र.।

5 आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, म.प्र.।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले म.प्र.।
7. संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग म.प्र.।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले म.प्र.।
9. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, समस्त जिले म.प्र.।
10 प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जिले म.प्र.।
11. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त जिले म.प्र.।
12. समस्त संकुल प्राचार्य, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, म.प्र.।
13. बी.आर.सी.सी., समस्त विकासखण्ड म.प्र.।
14. आई.सी.टी. कक्ष राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, अपलोड करने हेतु।

10/9/24

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

कक्षा 5 व 8 की परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु ब्लू प्रिंट परिशिष्ट–1

| क्र. | प्रश्न का प्रकार | प्रश्न संख्या | शब्द सीमा | प्रति प्रश्न निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहु विकल्पीय प्रश्न | 5 | – | 1 | 5 |
| 2 | रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न | 5 | – | 1 | 5 |
| 3 | अति लघुउत्तरीय प्रश्न | 6 | एक वाक्य | 2 | 12 |
| 4 | लघु उत्तरीय प्रश्न | 6 | 50 शब्द | 3 | 18 |
| 5 | दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | 4 | 100 शब्द | 5 | 20 |
| | **कुल प्रश्नों की संख्या** | **26** | – | **अधिकतम अंक** | **60** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कठिनाई स्तर** | सरल प्रश्न–20% | औसत प्रश्न–60% | कठिन प्रश्न–20% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कौशल हेतु अधिभार** | Knowledge/Remembering-20% | Understanding-60% | Applying/High Order Thinking-20% |

नियंत्रक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

परिशिष्ट – 02
(कुल पृष्ठ संख्या – 15)

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची

कक्षा – 5

| स. क्र. | कक्षा | विषय एवं प्रचलित पाठ्यपुस्तक का शीर्षक | सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यो की सूची |
|---|---|---|---|
| 1. | 5 | हिन्दी – प्रथम / द्वितीय / तृतीय भाषा (भाषा भारती) (SCERT पाठ्यक्रम आधारित) | 1. खेती में कौन–कौन से औजारों का उपयोग किया जाता है। पता करिए और उनका उपयोग कैसे करते हैं ? लिखिए।<br>2. आपके गाँव में दशहरा कैसे मनाया जाता है ? लिखिए। आप अन्य कौन–कौन से त्योहार मनाते हैं उसकी सूची बनाइए।<br>3. आपके आस–पास खेत होंगे। आप वहाँ गए होंगे। यदि हाँ तो आप खेत पर एक दिवस रहने के अपने अनुभव को लिखिए। यदि आप कभी खेत पर नहीं गए हैं, तो कल्पना के आधार पर लिखिए।<br>4. आपको अपने गॉव / शहर में सबसे सुन्दर स्थान कौन–सा लगता है और क्यों ? लिखिए।<br>5. आप अपनी परीक्षाओं के पहले परीक्षा की तैयारी कैसे करते हैं ? लिखिए।<br>6. अपने आसपास पाए जाने वाले पाँच फूलों को एकत्रित करें, उन्हें सुखाकर प्रोजेक्ट कॉपी पर चिपकाएँ और निम्नलिखित बिन्दुओं पर उससे संबंधित जानकारी लिखें–<br>i. पुष्प का नाम–<br>ii. पुष्प का रंग–<br>iii. पुष्प किस माह में (समय) खिलता है<br>iv. पुष्प के पौधे के बारे में संक्षिप्त जानकारी<br>7. पृथ्वी, पहाड़, नदी, सूर्य और वन के प्रति हमारे क्या–क्या कर्तव्य है? लिखिए।<br>8. 'दशहरा' पाठ में भगवान 'राम' का वर्णन है, राम के चरित्र के बारे में आप और क्या–क्या जानते हैं? लिखिए।<br>9. आपने कभी किसी की सहायता की है? यदि हॉ तो उसे अपने शब्दों में लिखिए।<br>10. 'मरकर भी जो अमर है' देश प्रेम के इस पाठ को पढ़ने के उपरांत आप देशसेवा कैसे करना चाहेंगें? संक्षिप्त में अपने विचार लिखिए।<br>11. किसी पर्यटक स्थल की जानकारी संकलित कर उसे संवाद शैली में लिखिए।<br>12. 'राष्ट्र के प्रहरी' सेना में भर्ती हुए बिना भी बन सकते है। यदि हॉ तो कैसे? अपने विचार लिखिए।<br>13. स्वतंत्रता संग्राम मे किन–किन महत्वपूर्ण महिलाओं का योगदान रहा है? उनके नामों की सूची बनाते हुए उनके योगदान पर संक्षिप्त में जानकारी लिखिए। |

RAJYA SHIKSHA KENDRA BHOPAL Examination

<table>
<tr>
<td>2.</td>
<td>5</td>
<td>अंग्रेजी – प्रथम / द्वितीय भाषा<br>(English Reader)<br>(SCERT पाठ्यक्रम आधारित)</td>
<td>1. Describe your house in ten sentences. Begin like this –<br>I live in a small house.<br>1. It is situated .......<br>2. .....................<br><br>2. Whenever you happen to visit a railway station or a bus stop observe the activities carefully and note down your observations in the given space ....<br>
<table>
<tr><th colspan="2">No of bus/ train</th><th colspan="2">Name of bus/train</th><th colspan="2">Runs between. ... to ....</th><th>Arrival time</th><th>Departure time</th></tr>
<tr><td>......</td><td>.......</td><td>.......</td><td>.......</td><td>......</td><td>......</td><td>......</td><td>.......</td></tr>
<tr><td>......</td><td>.......</td><td>.......</td><td>.......</td><td>......</td><td>......</td><td>......</td><td>........</td></tr>
</table>
<br>3. A. Write a paragraph on 'The Cow'/Any Pet Animal'.<br>B. Write five sentences on 'How you keep your pet'.<br>4. Make a list of ten items that you see in your house. Write their uses.<br>For example :<br>Book shelves used for keeping books<br>Items Uses<br>..... .....<br><br>5. Collect and paste the pictures of any five freedom fighters/social reformers of India paste them in your project book and write the information related to their-<br>Name .........<br>Born on .........<br>Famous for .........<br>Award received .........<br>Any other .........</td>
</tr>
<tr>
<td>3</td>
<td>5</td>
<td>मराठी–प्रथम / तृतीय भाषा<br>(भारती मराठी)</td>
<td>1. 'मातृभूमीच्या रक्षणासाठी आपल्या प्राणांची पर्वा न करणाऱ्या 5 वीरांची नावे लिहून चित्र लावा.<br>2. दिवाळी हा सण कसा साजरा केला जातो 10 ओळित लिहा.<br>3. अंतराळयान चे चित्र बनवून त्यांचे उपयोग आपल्या शब्दात लिहा.<br>4. कल्पना चावला आणि सुनीता विलियन्स ची चित्र चिपकाऊन त्यांच्या कामगिरी बद्दल लिहा.<br>5. कोणत्याही 5 संताची नावे लिहून त्यांचे चित्र चिपकवा<br>6. तुम्ही पाहिलेल्या नदीची आठ दहा वाक्यात माहिती सांगा.</td>
</tr>
<tr>
<td>4</td>
<td>5</td>
<td>उर्दू– प्रथम / तृतीय भाषा<br>(उर्दू भारती)</td>
<td>1. मुख्तलिफ किस्मों के मौसमी फलों एवं सब्जियों के नाम उनके जायके।<br>2. घरों में इस्तेमाल होने वाली बिजली के आलात और बिजली बचाने के तरीके।<br>3. हिन्दुस्तान की अजीम शख्सीयात के नाम नज्म "यह है मेरा हिन्दुस्तान" में आए मुकामात की तसावीर।<br>4. रोजमर्रा के काम इसमें लगने वाला वक्त (स्कूल एवं घर के काम)।<br>5. मुख्तलिफ विटामिनों के नाम और विटामिन की कमी से होने वाले मर्ज और विटामिन वाले खाने और फल। (इन प्रोजेक्टस में आवश्यकता अनुसार चित्र बनाने को भी दिए जाएं)</td>
</tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | 5 | गणित (गणित का जादू) | 1. एक बड़े क्षेत्र को छोटे कागज पर दिखाएं, हर हिस्से को एक निश्चित अनुपात में कम करें जैसे – अपने आसपास या गांव का नक्शा बनाएं, जिसमें सभी तरफ के रास्तों को दिखाएं, इनमें देखें कौन सी सड़कें आपस में सबसे बड़ा कोण बनाती हैं, इसमें यह भी देखें कौन सी सड़कें आपस में समकोण बनाती हैं।<br>2. अपने शाला प्रांगण या घर के प्रांगण में बैठकर यह देखें कि सामने की सड़क पर कौन–कौन सी गाडियाँ निकल रही हैं। किसी एक घण्टे की अवधि में निकलने वाली गाडियों की एक तालिका बनाएं और उसे टैली चिन्ह से प्रदर्शित करें। देखें कि सड़क पर सबसे अधिक कौन सी गाड़ी निकली है और इन गाड़ियों के निकलने का कारण क्या है, उसे अपनी रिपोर्ट में अंकित करें।<br>3. किसी गिलास में थोड़ा पानी लेकर उसके ऊपरी स्तर पर शून्य का निशान लगाएं। अब इस गिलास में पांच छोटे–छोटे कन्चे डालें व देखें कि पानी का स्तर कितना बढ़ा है? उसे स्केल से सेंटीमीटर में नोट करें, अब देखें कि पांच कन्चों का आयतन कितना होता है। उसको प्रोजेक्ट रिपोर्ट में लिखें।<br>4. बच्चे परिवेश में, गणित कक्षा 5 कि पाठ्यपुस्तकों में या घरों में लगे चित्रों को देखे और यह पता लगाएं कि उनमें सममिति है, जरूरत पड़े तो 6 रेखाएं खींचकर 1/6 घुमाव का पता लगा सकते हैं, जो आकृति 1/6 घुमाव पर पहले जैसी दिखती है, उसको अपने प्रोजेक्ट रिपोर्ट में लिखें।<br>5. शिक्षक बच्चों को बोलें कि बच्चे किन्ही दो भारतीय गणितज्ञों के नाम, जन्मतिथि का संग्रह करें और उनके द्वारा गणित में योगदान का संक्षिप्त विवरण लिखें। |
| 6. | 5 | पर्यावरण अध्ययन<br>आसपास–पर्यावरण | **नोट**– प्रतिमाह पढ़ाई जाने वाली विषय वस्तु से संबंधित प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों से करवाकर प्रोजेक्ट फाइल का अभिलेख संधारित करें। अर्द्धवार्षिक परीक्षा/वार्षिक परीक्षा में किन्ही दो प्रोजेक्ट पर मौखिक प्रश्न पूछे जाएं। अभिलेख एवं मौखिक प्रश्नों के उत्तरों को आधार मानते हुए प्रोजेक्ट कार्य के अंक प्रदान किए जाएं।<br>प्रोजेक्ट कार्य–1<br>आपके आस–पास अपनी आजीविका के लिए जानवरों पर निर्भर लोगों का पता लगाकर निम्न तालिका में लिखिए। |

| जानवर का नाम | पालने वाले का नाम | जानवर से मिलने वाली चीजें | क्या वो जानवर को तकलीफ देते हैं या सुरक्षा करते है? |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2. ........ | | | |

**प्रोजेक्ट कार्य–2**

अपने रसोईघर से 10 अलग–अलग प्रकार के बीज शीट पर गोंद की सहायता से चिपकाइए। निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर इन बीजों के बारे में लिखिए।

| | **बीज** | **बीज का नाम** | **रंग** | **आकार** | **ऊपरी सतह** | **उपयोग** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उदा. | बीजों को चिपकाने का स्थान | मसूर | लाल | गोल | चिकना | दाल के रूप में |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीजों को चिपकाने का स्थान | .............. ....... | ......... ......... . | .... ........ ......... | ............ ....... | ................ .... |

**प्रोजेक्ट कार्य–3**

आप प्रतिदिन पानी का किस–किस काम में और कितना उपयोग करते है? नीचे दी गई तालिका में लिखिए।

| क्र. | किया जाने वाला काम | पानी का कितनी मात्रा में उपयोग किया (मग / गिलास / बाल्टी ) | पानी का कितनी मात्रा में उपयोग (मग / गिलास / बाल्टी) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |
| प्रतिदिन आपने पानी का कुल उपयोग किया। | | | |

बताइएः– हाँ / नहीं

1) आपने पानी का अपव्यय (खर्च) किया? ..................

2) आपने पानी का कम अपव्यय (खर्च) किया ..................

3) आपने पानी का बिल्कुल भी अपव्यय (खर्च) नहीं किया?........

**प्रोजेक्ट कार्य–4**

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला बछेन्द्री पाल के चित्र एकत्रित करिए और माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की तैयारी एवं चढ़ने तक आने वाली कठिनाइयाँ और उनका सामना करने संबंधी आलेख लिखकर स्क्रेप बुक तैयार करिए।

**प्रोजेक्ट कार्य–5**

शिक्षक / बडों की सहायता से अपने क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के स्थल, भवन, पेंटिंग, वस्त्र, फर्नीचर, सिक्के, लकड़ी पर नक्काशी, औजार आदि की जानकारी निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर एकत्र कीजिए–

- पता लगाइए कि उस वस्तु / स्थल को बनाने में किस सामग्री और किन औजारों का उपयोग किया गया है?
- क्या उसे हाथ से बनाया गया था अथवा औजारों से बनाते थे?
- क्या वह क्षतिग्रस्त अथवा टूट–फूट गई है? यदि ऐसा है तो उसके क्या कारण है?
- यदि वह अच्छी स्थिति में है तो उसे संरक्षित कैसे रखा गया है?
- अतीत में उस का किस प्रकार उपयोग किया जाता था? क्या आज भी उस जैसी वस्तुएँ उपयोग में लाई जाती है?
- चित्र अथवा फोटो चिपकाइए।

RAJYA SHIKSHA KENDRA Examination BHOPAL

**प्रोजेक्ट कार्य–6**

पुराने अखबार, पत्रिकाओं व मोबाइल की सहायता से प्राकृतिक आपदाओं के चित्र व जानकारियाँ एकत्रित कर कोलॉज बनाइए। आपदाओं में कौन लोग मदद करते हैं उनके बारे में लिखिए। इन आपदाओं से निपटने के लिए क्या पूर्व तैयारियाँ करनी चाहिए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | **प्रोजेक्ट कार्य–7**<br>आपके घर या आसपास सफाई करने के लिए आने वाले लोगों के बारे में पता करके उनके नाम, घर में सदस्य, कहाँ तक पढ़ाई की उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य और उस कार्य को करने का कारण लिखिए।<br><br>**प्रोजेक्ट कार्य–8**<br>पाँच अनाज एव पाँच मसालों के नमूने एकत्रित कर 'स्क्रेप बुक' तैयार करिए व नमूने के सामने उनके उपयोग लिखिए।<br>**प्रोजेक्ट कार्य–9**<br>आपके गाँव में खेती की सिंचाई के लिए कौन–कौन से साधन अपनाए जाते है, पता करिए और सूची बनाइए।<br>**प्रोजेक्ट कार्य–10**<br>मध्यप्रदेश के शहरों में बने बाँध और वे किस नदी पर बने हैं, की सूची बनाईए एवं अखबार/पत्रिका/इंटरनेट आदि से चित्र निकालकर कोलॉज बनाइए। |

| क्र. | बाँध का नाम | शहर का नाम | नदी का नाम | बाँध से होने वाले लाभ एवं हानि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**प्रोजेक्ट कार्य–11**

मध्यप्रदेश में स्थित तीन राष्ट्रीय उद्यानों, तीन पर्यटन स्थलों, तीन फसलों एवं तीन खनिजों के चित्र पुराने अखबार, पत्रिकाओं या मोबाइल के माध्यम से एकत्रित कर कोलॉज बनाइए एवं उनके नाम लिखिए।

RAJYA SHIKSHA ... Examination

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु NCERT पाठ्यक्रम आधारित भाषा के सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची

कक्षा – 5

<table>
<tr><th>स. क्र.</th><th>कक्षा</th><th>विषय एवं प्रचलित पाठ्यपुस्तक का शीर्षक</th><th>सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>5</td><td>हिन्दी – प्रथम / द्वितीय भाषा<br>रिमझिम (पाँचवी कक्षा के लिए हिंदी की पाठ्यपुस्तक)</td><td>
• आपके घरों में पीने तथा अन्य कार्यों के लिए पानी कहाँ से और कैसे आता हैं? अपने गाँव / शहर के लिए उपलब्ध पानी के स्रोतों की सूची बनाइए।<br>
• चावल से भात बनाने के अलावा और क्या–क्या खाने की चीजें बनाई जाती हैं, सूची बनाइए और उनमें किसी एक सामग्री को बनाने की विधि लिखिए।<br>
• अपने जिले या अंचल के किन्ही 5 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची बनाकर उनमें से किसी स्वतंत्रता सेनानी के बारे में लिखिए।<br>
• अपने क्षेत्र में प्रचलित किसी लोककथा को क्षेत्रीय भाषा में या मानक हिन्दी भाषा में लिखकर प्रस्तुत कीजिए।<br>
• आपके क्षेत्र में प्रचलित स्थानीय भाषा की दस पहेलियों को उनके उत्तर सहित लिखिए।<br>
• आपको कौन–सा अचार पसंद है। अचार किन–किन फलों / सब्जियों से बनाए जाते हैं? आम से अचार बनाने की विधि लिखिए।<br>
• आपके शाला पुस्तकालय मे कौन–कौन सी चित्र कथाऐं / कॉमिक्स की पुस्तकें हैं। आपके द्वारा पढ़ी गई अथवा सुनी गई कॉमिक्स के नाम और उनके प्रमुख पात्र के नामों की सूची बनाइए।<br>
• पानी में तथा उसके पास रहने वाले जीवों की सूची बनाइए। इनमें से कौन–से जीव पानी में रहने वाले जीवों पर निर्भर होते हैं?<br>
• आपको कौन–कौन से चुटकुले सबसे अधिक पसंद हैं। उन चुटकुलों को लिखिए।<br>
• आप कभी न कभी मेला देखने गए होंगें। उस मेले के बारे में लिखते हुए वहाँ बिकने वाली 10 चीजों की सूची बनाइए।
</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>5</td><td>अंग्रेजी – प्रथम / द्वितीय भाषा<br>(Marigold-Book Five)</td><td>
1. Describe your house in ten sentences. Begin like this –<br>
(i) I live in a small house.<br>
(ii) It is situated .......<br>
(iii) ......................<br>
2. Whenever you happen to visit a railway station or a bus stop observe the activities carefully and note down your observations in the given space ....
<table>
<tr><th>No of bus/ train</th><th>Name of bus/train</th><th>Runs between. ... to ....</th><th>Arrival time</th><th>Departure time</th></tr>
<tr><td>...... ......</td><td>...... ......</td><td>...... ......</td><td>...... ......</td><td>...... ......</td></tr>
<tr><td>...... ......</td><td>...... ......</td><td>...... ......</td><td>...... ......</td><td>...... ......</td></tr>
</table>
3 A. Write a paragraph on 'The Cow'/Any Pet Animal'.<br>
B. Write five sentences on 'How you take care of your pet'.<br>
4 Make a list of ten items that you see in your house. Write
</td></tr>
</table>

their uses.

For example :

Book shelves — Used for keeping books

| Items | Uses |
|---|---|
| ..... | ..... |

5 Collect the pictures of any five freedom fighters/social reformers of India. Paste them in your project book. Write a paragraph about any one of them with the help of clues given below-

| | |
|---|---|
| Name | ......... |
| Born on | ......... |
| Famous for | ......... |
| Award received | ......... |
| Any other | ......... |

6 Have you ever travelled to another city by bus ? Write a paragraph about your journey.

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची

## कक्षा – 8

| स. क्र. | कक्षा | विषय एवं प्रचलित पाठ्यपुस्तक का शीर्षक | सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची |
|---|---|---|---|
| 1. | 8 | हिन्दी–प्रथम / द्वितीय / तृतीय भाषा (भाषा भारती) | 1. मुफ्तानन्द जी के समान आपके आस–पास क्या ऐसे कोई मनोरंजक पात्र हैं ? यदि हाँ तो उन पर एक आलेख आप भी तैयार कीजिए।<br>2. आपके आस–पास कोई जल–प्रपात हो तो उसका विवरण लिखिए।<br>3. क्या आपने कभी किसी की सहायता की है ? यदि हाँ तो अपने अनुभव लिखिए।<br>4. आप यदि पिछले दिनों कहीं भ्रमण पर गए हैं तो उसका विवरण डायरी के रूप में लिखिए।<br>5. आप अपने जीवन से जुड़ी ऐसी कौन–सी घटना है जो सभी को बतलाना चाहेंगे। उसे लिखिए।<br>6. आपके आस–पास उपयोग किए जाने वाले वाद्ययंत्रों के नाम लिखते हुए, उसके बारे में संक्षिप्त में लिखिए।<br>7. सरकार द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु क्या–क्या कार्य किए जा रहे हैं, जानकारी संकलित करते हुए सूची बनाइए और उस योजना के बारे में लिखिए।<br>8. किसी एक दर्शनीय स्थल का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए। यदि सम्भव हो तो उसका चित्र बनाइए या चिपकाइए।<br>9. भारत ने 'आर्यभट्ट' नाम से उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा था। ऐसे अन्य कौन–कौन से उपग्रह भारत ने अंतरिक्ष में भेजे हैं जानकारी संकलित करते हुए सूची बनाइए व संक्षिप्त में उसके बारे में लिखिए।<br>10. मध्यप्रदेश में निवास करने वाली जनजातियों की सूची बनाते हुए, उन जनजातियों की महत्वपूर्ण विशेषताएँ लिखिए।<br>11. आपके क्षेत्र में बोले जाने वाली महत्वपूर्ण दस लोकोक्तियों को संकलित कर अर्थ सहित लिखिए। (स्थानीय भाषाओं की लोकोक्तियाँ भी लिख सकते हैं) |
| 2. | 8 | अंग्रेजी–प्रथम / द्वितीय भाषा (English Reader) | 1. Describe in detail your visit to any National Park; also mention the activities you have performed there.<br>2. Collect information about a nearby meseum/zoo/historical building and write two paragraphs about it including the following detail: area, year of construction, reasons for being famous, nearest railway station, suitable time to visit etc.<br>3. Visit a post office in your village/town/city and<br>- Make a list of people who work there.<br>- Talk to them about the work they do and the facilities available there.<br>Now write a paragraph about the visit including all the details.<br>4. Read any story/play written by Ravindranath Tagore.<br>Now write that story in English in your own words. |
| 3. | 8 | संस्कृत (सुरभिः) | ➢ विद्यालय में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की रिपोर्ट बनाना।<br>➢ एकता आधारित कोई प्रसंग घर के बुजुर्गों से सुनकर लिखना।<br>➢ वसन्त पंचमी पर आयोजित होने वाले सरस्वती पूजन पर आधारित चित्र बनाकर वर्णन करना।<br>➢ आपके गुरूजी द्वारा दिए गए उपदेश को लिखना एवं घर पर सुनाना।<br>➢ श्रेष्ठ कार्य करने वाले महापुरूषों के कार्यों का उल्लेख करते हुए सूची बनाना। |
| 4. | 8 | मराठी–प्रथम / तृतीय भाषा (भारती मराठी) | 1. भारताचा झेंडा तिरंगा हे कशाकशाचे प्रतीक आहे तो माहिती करा ?<br>2. मध्यप्रदेशातील तुम्ही पाहिलेल्या प्रसिद्ध स्थळाचे वर्णन आपल्या शब्दात करा.<br>3. झाडांची कापनी थांबावी म्हणून काय केले पहिजे ?<br>4. पुस्तकांशी मैत्री का करावी ? फायदायांची यादी बनवा.<br>5. संध्याकाळी सुर्यास्तानंतरचे निसर्गाचे वर्णन करा. |

RAJYA SHIKSHA KENDRA Examination BHOPAL

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 6. एखादा निरोप सांगण्याचे विसरल्यामुळे कोणता प्रसंग ओढवू होऊ शकतो ते सांगा.<br>7. घंटे विषयी कोणत्या आठवणी तुम्हाला प्रिय वाटतात आणि आनंद वाटतो ते लिहून काढा.<br>8. आपल्या शिक्षकांबद्दल कशाप्रकारे आदर बाळगू शकतो यादी बनवा.<br>9. तुम्हाला कोणता छंद आहे त्याविषयी लिहा. |
| 5. | 8 | उर्दू – प्रथम व तृतीय भाषा<br>(उर्दू भारती) | 1. म.प्र. के तारीखी शहरों, इमारतों के नाम।<br>2. खेलों के नाम, खिलाडियों के नाम, इनडोर, आउटडोर खेलों के नाम, खेलों में इस्तेमाल होने वाले सामान।<br>3. मुख्तलिफ मजहब के नाम, उनके त्यौहार के नाम उनके त्यौहार पर पकाए जाने वाले पकवान, त्यौहार मनाने के तरीके।<br>4. मुख्तलिफ धर्म गुरूओं के नाम धर्म, के नाम, धार्मिक ग्रंथों के नाम, धर्म स्थलों के नाम।<br>5. भारत के कोमी त्यौहारों के नाम, मुख्तलिफ मुजाहिदे आजादी, कोमी रहनुमाओं के नाम।<br>(इन प्रोजेक्टस में आवश्यकता, अनुसार चित्र बनाने को भी दिए जाएं) |
| 6 | 8 | गणित | 1. शिक्षक बच्चों को बोलें कि बच्चे किन्ही भी दो भारतीय गणितज्ञों के नाम, जन्मतिथि का संग्रह करें और उनके द्वारा गणित में योगदान का संक्षिप्त विवरण लिखे।<br>2. शिक्षक बच्चों को बोलें कि विभिन्न प्रकार के डिजाइन का संग्रह करें जो कि मकान या ऑफिस की बॉउन्ड्री, दीवार, छत, बालकनी, खिडकी व दरवाजे में लगी है जिसमें किसी सममित लाइन के पास में सममित आकृति दिखती है।<br>3. शिक्षक बच्चों को बोलें कि आलू और भिण्डी को काटकर किसी भी रंग से ए–4 साइज के पेपर पर छापे लगाएं। अब देखें कि किसके छापे अधिक लगे है। यह जानने का प्रयास करें कि छापे अधिक क्यों लगे हैं। इसको अपनी रिपोर्ट में लिखें। दोनों स्थिति में पेपर का साइज समान होना चाहिए।<br>4. शिक्षक बच्चों से बोले कि अलग अलग न्यूज पेपर, पत्रिका, पोस्टर में छपे विभिन्न प्रकार के पाई आलेख का संग्रह करें और उसकी व्याख्या करें कि वह पाई आलेख क्या जानकारी देता है।<br>5. विगत वर्षों में भारत सरकार ने जी.एस.टी. (GST) लागू किया है, जो माल और सेवा कर का संक्षिप्त रूप है। अब अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट में यह पता करें कि दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के नाम व उन पर लगने वाले जी.एस.टी. (GST) को अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट में शामिल करें। |
| 7. | 8 | विज्ञान | **प्रोजेक्ट – 1**<br>(A) अपने आस–पास का अवलोकन कर निम्नानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>(i) आपकी किन-किन खेलों में रूचि है कोई पॉच खेलों के नाम जिनमें खेलते समय घर्षण या तो सहायता कर रहा है अथवा विरोध कर रहा है, लिखिए ?<br>(ii) घर्षण को कौन–कौन से कारक प्रभावित कर सकते हैं?<br>(iii) किसी कांच के गिलास अथवा किसी कुल्हड में से किसे पकडना आसान होगा और क्यों ?<br>(iv) कल्पना कीजिए घर्षण अचानक समाप्त हो जाए तो इससे जीवन किस प्रकार प्रभावित होगा, ऐसी दस परिस्थितियों की सूची बनाइए।<br>(v) ऐसे पॉच कार्य लिखिए जहाँ घर्षण हानिकारक होते हुए भी अनिवार्य है ?<br>(B) किसी ऐसी दुकान पर जाइए जहाँ खेलों के जूते मिलते हैं – विभिन्न खेलों के जूतों की तलियों का प्रेक्षण कीजिए ?<br>(i) क्या खेलों में पहनने वाले जूते सामान्य जूतों के समान हैं ?<br>(ii) खिलाडियों के जूते कीलदार क्यों बनाये जाते हैं?<br>(iii) खिलाडियों के जूते और बडे वाहनों के टायरों में क्या समानता है और क्यों ?<br>(iv) यदि सडक तथा वाहन के टायरों के बीच घर्षण न हो तो क्या होगा ?<br>(v) क्या घर्षण को बढाया या घटाया जा सकता है ? दैनिक जीवन के घर्षण को बढानें और घटाने के (प्रत्येक) पांच–पांच उदाहरण लिखिए। |

प्रोजेक्ट – 2

(A) किसी खेत, पौधशाला (नर्सरी) अथवा बगीचे का भ्रमण कीजिए तथा निम्न लिखित जानकारी प्राप्त कीजिए –

(i) बीज चयन का तरीका एव महत्व
(ii) सिंचाई की विधियां
(iii) अधिक शीत, अधिक गर्मी एवं अधिक वर्षा के मौसम का पौधो पर प्रभाव
(iv) उपयोग में आने वाले उर्वरक एवं खाद
(v) व्यवसायिक उपयोग

(B) (i) कृषि में उपयोग में आने वाली कुछ मशीनों के चित्र एकत्र कीजिए तथा इन्हें अपनी फाइल में लगाकर उनके नाम और उपयोग लिखिए।

(ii) पानी की कमी वाले क्षेत्रों में सिंचाई को किस विधि का प्रयोग होता है ?

(iii) कुछ पौधे को खेत में रोपित करने से पूर्व पौधशाला (नर्सरी) में क्यों उगाया जाता है ?

(iv) फसल के साथ कुछ पौधे प्राकृतिक रूप से उग जाते हैं, ये पौधे फसल के लिए किस प्रकार हानिकारक हैं?

(v) फसलों के कटाई की विधियां लिखिए ?

प्रोजेक्ट – 3

(A) डोरी तथा कागज गिलास की सहायता से अपना खिलौना टेलीफोन बनाकर तैयार करिए । इसका एक सिरा अपने मित्र को कान पर लगाने के लिए कहे तथा दूसरा सिरा अपने मुंह के समीप लाइए तथा बोलिए –

अपने प्रेक्षण लिखिए –

(i) क्या आपकी आवाज, आपका दोस्त सुन पाता है ?
(ii) क्या ध्वनि डोरियों से गमन कर सकती है ?
(iii) क्या ध्वनि का संचारण ठोस, द्रव, गैसों सभी में हो सकता है?
(iv) यदि आप एक बंद कार में हैं, तो क्या बाहर से आपके दोस्त की आवाज आप तक आएगी ? कारण लिखिए ?
(v) नीचे दिए गए वाद्ययंत्रों के सामने उनके कंपायमान भाग लिखिए –

| क्र. | वाद्ययंत्र | ध्वनि उत्पन्न करने वाला कंपमान भाग |
|---|---|---|
| 1. | वीणा | |
| 2. | तबला | |
| 3. | बांसुरी | |
| 4. | सितार | |
| 5. | ढोलक | |

(B) (i) वातावरण में ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले स्त्रोतों की सूची बनाइए ?
(ii) ध्वनि प्रदूषण मानव के लिए किस प्रकार हानिकारक है?
(iii) शोर तथा संगीत में क्या अंतर है ?
(iv) ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए आप क्या–क्या प्रयास करेंगे ?
(v) महिलाओं की तुलना में पुरूषों की आवाज मोटी क्यों होती है?

प्रोजेक्ट – 4

अपने आस पड़ोस का सर्वेक्षण कीजिए और पता लगाइए –

प्रश्न (i) – आपके आस–पास या स्कूल में 12 वर्ष की आयु के कितने बच्चे चश्मा लगाते हैं ।

प्रश्न (ii) – चश्मा लगाने वाले बच्चों के माता–पिता से पता लगाइए कि उनके बच्चों की दृष्टि क्षीण होने के क्या–क्या कारण हैं ?

प्रश्न (iii) किसी नेत्र विशेषज्ञ से पता कीजिए कि दृष्टि क्षमता सही रखने के लिए भोजन में क्या–क्या लेना चाहिए।

प्रश्न (iv) – नेत्र विशेषज्ञ से नेत्र की देख–भाल के बारे में विचार विमर्श कीजिए एव बताए गए बिन्दुओं को लिखिए।

प्रश्न (v) – चश्मा लगाने वाले बच्चों के चश्मों में कौन–कौन से लैंस लगाए गए है और क्यों ?

प्रश्न (vi) बुजुर्गों या अधिक उम्र के लोगों के चश्मों में कौन–कौन से लैंस लगाए गए है और क्यों ?

प्रश्न (vii) – 10 बच्चों और 10 बुजुर्गों के चश्मों के दोनो आंखों के पावर की

RAJYA SHIKSHA ... BHOPAL

सूची बनाइए।

प्रश्न (viii) – T.V. एवं मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभावों को अपने से बड़ों से पता लगाकर लिखिए।

प्रश्न (ix) – चाक्षुषविकृति युक्त विद्यार्थियों से पूछिए वे किस प्रकार पढ़ते–लिखते हैं एवं वे वस्तुओं, बाधाओं तथा मुद्रा और विभिन्न नोटों को कैसे पहचानते हैं ?

प्रश्न (x) – नेत्रदान के विषय में जानकारी एकत्र करके लिखिए।

### प्रोजेक्ट – 5

(A) प्राकृतिक परिघटनाओं पर आधारित निम्नांकित बिन्दुओं पर प्रोजेक्ट तैयार कीजिए –

(i) प्राकृतिक विनाशकारी परिघटनाएं कौन–कौन सी हैं ? नाम लिखिए ?

(ii) तड़ित झंझा के समय यदि आप घर के बार खुले स्थान में हैं तो आपको क्या सावधानियां रखनी चाहिए ।

(iii) मौसम विभाग यह भविष्यवाणी करता है कि किसी निश्चित दिन तड़ित झंझा की संभावना है और मान लीजिए उस दिन आपको बाहर जाना है, क्या आप छतरी लेकर जाएंगे? अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए।

(iv) भूकम्प के झटके लगने की स्थिति में यदि आप अपने घर में हैं तो आप क्या उपाय करेंगे ? लिखिए

(v) भूकम्प के समय आपके आस–पास के जानवर किस प्रकार का व्यवहार करते हैं?

(B) (i) अपने माता–पिता से भूकम्पों द्वारा हुई जनजीवन तथा सम्पत्ति की अपार क्षति के बारे में पूछिए । उस समय के समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं से इन भूकम्पों द्वारा हुई क्षति को दर्शाने वाले कुछ चित्र एकत्र कीजिए तथा अपनी फाइल में लगाइए, इन भूकम्पों द्वारा लोगों को हुई क्षति से संबंधित संक्षिप्त रिपोर्ट बनाइए।

(ii) तड़ित चालक क्या है ? इसका क्या उपयोग है ? चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।

### प्रोजेक्ट–6

(A) अपने 10 मित्रों का एक समूह बनाइये। उनसे चर्चा कर उन खाद्य पदार्थो के नाम लिखिए जो उनके द्वारा पिछले (कल) दिन नाश्ते, दोपहर के भोजन एवं रात के भोजन में खाया गया।

| क्र. | मित्र का नाम | नाश्ते में लिए गए खाद्य पदार्थ | दोपहर के भोजन में लिए गए खाद्य पदार्थ | रात के भोजन का खाद्य पदार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| . | | | | |

उपरोक्त सारणी के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

(i) शरीर की समुचित वृद्धि के लिए उत्तरदायी खाद्य पदार्थ कौन से हैं?

(ii) उपरोक्त सारणी में कौन–कौन से जंकफूड हैं जिनका आपके द्वारा और आपके मित्रों द्वारा सेवन किया गया?

(B) (i) HIV/AIDS के बारे में समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं से कटिंग एकत्रित कर 15 से 20 वाक्यों पर लेख लिखिए।

(ii) संक्रामक रोगों की सूची बनाइए तथा ये किन माध्यमों द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते है ऐसे रोगों की रोकथाम के लिए आप क्या उपाय करेंगें? लिखिए

### प्रोजेक्ट–7

(A) (i) अपने आस–पास के कम से कम 10 जंतुओं का अवलोकन करिये तथा उनको जरायुज एवं अंडप्रजक जंतुओं मे वर्गीकृत कर सारणी में भरिये–

| क्र. | जंतुओं के नाम | जरायुज जंतु | अंडप्रजक जंतु |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| . | | | |

(ii) हाइड्रा में मुकुलन एवं अमीबा में द्विखंडन के चित्र को ड्राइंग शीट पर बनाकर कक्षा में प्रदर्शित करें।

(B) एक गुलाब की कलम को गुलाब के पौधे में से पर्व सधि से काटकर एक अन्य गमले में मिट्टी में दबाकर लगाइये,

RAJYA SHIKSHA ... Exami... BHOPAL

उसकी प्रतिदिन देखभाल करते हुए, अपने अवलोकन के आधार पर निम्न तालिका को पूर्ण कीजिए।

| दिवसों की संख्या | लगाई गई कलम में आये परिवर्तन |
|---|---|
| 5 दिवस | |
| 15 दिवस | |
| 30 दिवस | |

नोट:– बच्चे गुलाब की कलम के स्थान पर मनी प्लांट उगाकर भी अवलोकन कर सकते हैं।

**प्रोजेक्ट–8**

(A) (i) अपने क्षेत्र के विशेष क्षेत्रीय पौधों एव जंतुओं की सूची बनाइये।

(ii) मध्यप्रदेश में स्थित राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जंतु अभ्यारण्य व जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

| संरक्षित क्षेत्र | स्थान | किसका संरक्षण किया जाता था | फोटोग्राफ / पेपर कटिंग | रिपोर्ट |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय उद्यान | | | | |
| वन्यजंतु अभ्यारण्य | | | | |
| जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र | | | | |

(B) (i) वृक्षों की अत्यधिक कटाई के लिए कौन–कौन से कारक उत्तरदायी है? सूची बनाइये।

(ii) वनों की कटाई (वनोन्मूलन) से पर्यावरण पर क्या–क्या प्रभाव हो रहे है? लिखिए।

---

8. | 8 | सामाजिक विज्ञान

- हमारे अतीत–3 (इतिहास)
- संसाधन एवं विकास (भूगोल)
- सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन–3

1. जहाँ आप रहते हैं, उसके आस–पास प्रचलित किसी हस्तकला का इतिहास पता लगाऐं। इसके लिए आप दस्तकारों के समुदाय, उनकी तकनीक में आए बदलावों और उनके बाजारों के बारे में जानकारी एकत्रित करें तथा पिछले 20 वर्षो के दौरान इन चीजों में किस तरह बदलाव आए हैं, उनका विवरण लिखिए।
2. भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले कम से कम 3 स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में पता कीजिए। उनके चित्र व उनसें संबंधित जानकारी संकलित कर (नाम, जन्म तिथि, जन्म स्थान, स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके द्वारा किए गए कार्य) एलबम तैयार कीजिए।
3. किसी स्थानीय ऐतिहासिक भवन/इमारत का परिवेशीय उपलब्ध सामग्री से मॉडल बनाइए।
4. आपके क्षेत्र में पाई जाने वाली किन्ही 2 जनजातीय समुदाय से संबंधित जानकारी व चित्र संकलित कर दिए गए बिन्दु के आधार पर विवरण लिखिए–
   - भोजन
   - वेशभूषा/पहनावा
   - गहने
   - उगाई जाने वाली फसलें
   - प्रमुख उद्यम
   - मनाए जाने वाले त्योहार
   - खेती के तरीके
   - उपयोग में लाए जाने वाले औजार
   - सामाजिक रीति, रिवाज
5. अपने परिवार के सदस्यों अथवा आस पडोस के 4–5 वरिष्ठ, नागरिकों से चर्चा कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पता कीजिए तथा उनसे प्राप्त उत्तरों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए –

   1 आपके वार्ड के पंच/पार्षद का क्या नाम है, वे क्या कार्य करते हैं ?

   2. आपके ग्राम/नगर के सरपंच/महापौर/अध्यक्ष कौन है ? उनके द्वारा

क्या कार्य किए जाते हैं?

3. पंच/पार्षद का चुनाव किस प्रकार होता है ?
4. सरपंच/महापौर/अध्यक्ष को अपने ग्राम/नगर में कार्य हेतु राशि कहाँ से प्राप्त होती है ?
5. अपने ग्राम/ नगर में सरपंच/महापौर/अध्यक्ष द्वारा किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है ?

6. निम्नलिखित में से किसी के बारे में तस्वीर, कहानियाँ, कविताएँ और जानकारियाँ एकत्रित कीजिए– झाँसी की रानी, महादजी सिंधिया, महाराजा रणजीत सिंह या आपके क्षेत्र का कोई पुराना शासक।
7. पता लगाएँ कि आपके शहर, जिले, राज्य में राष्ट्रीय आन्दोलन किस तरह आयोजित किया गया। किन लोगों ने उसमें भाग लिया और किन लोगों ने उसका नतृत्व किया?

   आपके क्षेत्र में आन्दोलन को कौन–सी सफलताएं मिली।
8. नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश के जिलों की जनसंख्या तालिका में दी गई है–

| क्र. | शहर का नाम | जनसंख्या (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | इन्दौर | 32, 76, 697 |
| 2 | जबलपुर | 24, 63, 289 |
| 3 | सागर | 23, 78, 458 |
| 4 | भोपाल | 23, 71, 061 |
| 5 | रीवा | 23, 65, 106 |

उपर्युक्त तालिका के आधार पर दण्ड आरेख बनाइए। इस कार्य में आप अपने बड़े भाई–बहन की सहायता ले सकते हैं।

RAJYA BHOPAL

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु NCERT पाठ्यक्रम आधारित भाषा के सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची

## कक्षा – 8

| स. क्र. | कक्षा | विषय | सुझावात्मक प्रोजेक्ट कार्यों की सूची |
|---|---|---|---|
| 1. | 8 | हिन्दी<br>1. वसंत भाग–3 (कक्षा 8 के लिए हिंदी की पाठ्यपुस्तक)<br>2. भारत की खोज (कक्षा 8 के लिए हिंदी की पूरक पाठ्यपुस्तक) | 1 आपके घर में खाना किस चीज (ईंधन) से पकाया जाता है। लकडी के अलावा खाना पकाने वाले अन्य ईंधनों की सूची बनाइए। इनमें से कौन–सा ईंधन सबसे कम प्रदूषण उत्पन्न करता है या प्रदूषण उत्पन्न नहीं करता है उसकी विशेषता लिखिए।<br>2 आपके आसपास कोई पुरानी इमारत या पुरातत्व महत्व का कौन–सा स्थान है उसका छायाचित्र लगाकर उसके बारे में 10 वाक्य लिखिए।<br>3 आपके क्षेत्र में मनोरंजन के लिए कौन–कौन से लोक नाट्य प्रचलित हैं या थे उनकी सूची बनाइए और किसी एक के बारे में 5 वाक्य लिखिए।<br>4 आपके क्षेत्र में कौन–कौन सी व्यापारिक या नगदी फसले पैदा की जाती हैं, उनका क्या उपयोग किया जाता है।<br>5 आपके जिले या जिले के पास कोई राष्ट्रीय उद्यान होगा उस राष्ट्रीय उद्यान का नाम और उसमें पाए जाने वाले प्रमुख पशु–पक्षियों की जानकारी प्राप्त कर एक आलेख लिखिए।<br>6 आप अपने साथियों के साथ कौन–सा स्थानीय खेल खेलते हैं। स्थानीय खेलों की सूची बनाइए और उनमें से किसी एक खेल की विधि और नियम लिखिए।<br>7 हम अपनी बात को दूसरों तक पहुँचाने के लिए बहुत से साधनों का उपयोग करते हैं। अपने शिक्षक और बुजुर्गों से पूछकर दिए गए शीर्षक के अन्तर्गत इन साधनों की सूची बनाइए।<br>➢ आपके दादाजी / नानाजी के पहले के साधन ____________<br>____________<br>➢ आपके पिताजी / माताजी के समय प्रचलित साधन<br>____________<br>____________<br>____________<br>➢ आपके समय प्रचलित साधन<br>..............................<br>..............................<br>..............................<br>..............<br>➢ आगे भविष्य में प्रयोग आने वाले साधन ____________<br>____________<br>8 घरों को बनाने और उनको सजाने में किन–किन व्यक्तियों की मदद लेनी पड़ती है, उनके व्यावसायिक नाम और कामों की सूची बनाइए।<br>9 आपके आसपास कौन–कौन सी कलात्मक चीजें बनाई जाती है, उनको बनाने वाली सामग्री और उन चीजों की सूची बनाइए।<br>10 यदि आप वैज्ञानिक होते तो कहीं आने–जाने के लिए कौन–से साधन का आविष्कार करते? उससे क्या–क्या फायदे होते? लिखिए।<br>11 आपके क्षेत्र में हाथों / कलाइयों में कौन–कौन से आभूषण पहने जाते हैं उनकी सूची बनाइए। आज से 50 साल पहले कौन–कौन से आभूषण पहने जाते थे जो अब दिखाई नहीं देते? सूची बनाइए। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 8 | अंग्रेजी<br>Honeydew (Textbook in English for class 8)<br>It so happened...(Supplementary Reader in English for class 8) | 1. Describe in detail your visit to any National Park. Mention the activities you have performed there and also paste pictures about the visit.<br>2. Collect information about a nearby museum/zoo/historical building and write two paragraphs about it including the following details:<br>area, year of construction, reasons for being famous, nearest railway station, suitable time to visit etc. Paste some pictures also.<br>3. Visit a post office in your village/town/city and:<br>- make a list of people who work there.<br>- talk to them about the work they do and the facilities available there.<br>Now write a paragraph about the visit including all the details. Paste some pictures also.<br>4. Read any story/play written by Ravindranath Tagore.<br>Now write that story in English in your own words. |
| 3. | 8 | संस्कृत<br>(रूचिरा तृतीयों भागः) | 1 पाठ्यक्रम (कक्षा – 8) में आए हुए श्लोकों / सुभाषित के अतिरिक्त कोई पाँच (05) श्लोक हिन्दी अर्थ सहित लिखिए<br>2 कम्प्यूटर आधारित किए जाने वाले किन्हीं पाँच कार्यो का वर्णन उदाहरण सहित कीजिए।<br>अथवा<br>साईबर सेफ्टी के उपाय लिखिए।<br>3 संस्कृत भाषा में कोई एक कथा / कहानी चित्र बनाकर लिखिए।<br>4 प्राचीन भारतीयों वैज्ञानिको का उनकी कृतियों / सहित वर्णन कीजिए।<br>5 अपने क्षेत्र में प्रचलित कोई एक लोक कथा घर परिवार के वरिष्ठजनों से पूछकर लिखिए। |